# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
## Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

**BSEH/SEC/2025** | **'प्रेस नोट'** | **Circular No.:07**
**Dated : 25.06.2025**

**मॉडल संस्कृति और पीएम श्री स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों के चयन हेतु लिखित परीक्षा–2025**

निदेशालय स्कूल शिक्षा हरियाणा, पंचकूला की ओर से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति और पीएम श्री स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों के चयन हेतु लिखित परीक्षा–2025 का आयोजन दिनांक 30.06.2025 को बाद दोपहर 02:00 बजे से 03:30 बजे तक प्रशासनिक मण्डल स्तर (Comissionary Level) पर किया जा रहा है। परीक्षा हेतु किए गए आवेदन अनुसार शिक्षकों व स्कूल प्रमुखों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) दिनांक 27.06.2025 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध होंगे। शिक्षक व स्कूल प्रमुख अपने Employee ID & Mobile Number भरकर अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र (Admit Card) पर दिए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर उनकी अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे।

नेत्रहीन/दृष्टिबाधित/अशक्त अभ्यर्थी जो स्वयं अपने हाथ से लिखने में असमर्थ है व लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) द्वारा जारी मैडिकल प्रमाण–पत्र जिसमें उनकी अशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक प्रमाणित की गई है, की सत्यापित प्रति जमा करवानी होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को लेखक के मूल एवं सत्यापित दस्तावेज/प्रलेख जैसे शैक्षणिक योग्यता, जन्म–तिथि, दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो (एक सत्यापित), फोटो युक्त पहचान–पत्र/आधार कार्ड इत्यादि एवं स्थाई व अस्थाई पता सहित स्कूल के प्राचार्य/प्रतिनिधि से सत्यापित करवाने उपरान्त परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा से एक दिन पूर्व पहुंचकर केन्द्र अधीक्षक से लेखक की स्वीकृति लेना सुनिश्चित करेंगें। ऐसे नेत्रहीन/दृष्टिबाधित/अशक्त अभ्यर्थी चाहे वो लेखक की सुविधा ले रहे हैं अथवा नहीं को 20 मिनट प्रति घण्टा के हिसाब से कुल 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी देय होगा। अगर अभ्यर्थी ऐसा चाहता है। विषयांकित परीक्षा के प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु हेल्पलाईन नं0 01664–254305 व ई–मेल assplexam@bseh.org .in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सचिव